प्रादेशिक समाचार

दिनांक–13.03.2024 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री ने वंचित वर्गों के लिए पीएम सूरज पोर्टल का किया शुभारंभ, रांची में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल हुए शामिल, कहा– सामाजिक और आर्थिक उत्थान में मददगार होगा पोर्टल।
2. मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने वरीय अधिकारियों के साथ विधि व्यवस्था, यातायात, सड़क सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को लेकर की उच्चस्तरीय समीक्षा, दिये कई निर्देश।
3. सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आकाशवाणी समाचार और दूरदर्शन समाचार की संशोधित वेबसाइट शुरू की, साझा ऑडियो विजुअल–शब्द भी किया जारी।
4. गढ़वा पुलिस ने उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर सहित छह सदस्यों को किया गिरफ्तार, एके–47 सहित कई आपत्तिजनक सामान बरामद।
5. पुणे में आयोजित हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप में हॉकी झारखंड ने अपने पहले मैच में हॉकी आंध्र प्रदेश को शून्य के मुकाबले तेरह गोल से किया पराजित।

*****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सामाजिक उत्थान और रोजगार आधारित जनकल्याण–पीएम सूरज के राष्ट्रीय पोर्टल का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने वंचित वर्ग से जुड़े एक लाख लाभार्थियों के खाते में सात सौ बीस करोड़ रूपये की सहायता राशि सीधे उनके बैंक एकाउंट में भेजी। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद भी किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार वंचित वर्ग के कल्याण और उत्थान के प्रति समर्पित रही।

*****

प्रधानमंत्री के पीएम सूरज पोर्टल के शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन रांची और डालटनगंज में भी किया गया। रांची के श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन, मंत्री दीपक बिरुआ, सांसद संजय सेठ और सुदर्शन भगत शामिल हुए, जबकि डालटनगंज में सांसद बीडी राम ने शिरकत की। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री की ओर से शुरू की गई सूरज पोर्टल योजना वंचित वर्ग के सामाजिक और आर्थिक उत्थान में मददगार साबित होगा। इस मौके राज्यपाल ने वंचित वर्ग के तीन लोगो को सांकेतिक रूप से आयुष्मान कार्ड प्रदान किया।

*****

इधर हजारीबाग में भी पीएम–सूरज पोर्टल का शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी शामिल हुई। इस मौके पर केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान के लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए पीएम सूरज पोर्टल लांच किया गया है।

*****

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आज वरीय अधिकारियों के साथ विधि व्यवस्था, यातायात, सड़क सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिये। इस मौके पर मुख्यमंत्री अपराध की घटनाओं पर हर हाल में लगाम लगाने का निर्देश दिया। साथ ही जमीन खरीद–बिक्री से जुड़े अपराधिक घटनाओं की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

*****

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से आज बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार द्वारा बांग्ला भाषा को प्राथमिक स्तर के विद्यालयों में पुनर्स्थापित करने के निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री का आभार जताया।

*****

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज नई दिल्ली में आकाशवाणी समाचार और दूरदर्शन समाचार की संशोधित वेबसाइट शुरू की। इस दौरान श्री ठाकुर ने संशोधित न्यूज ऑन एआईआर ऐप और प्रसार भारती प्रसारण के लिए साझा ऑडियो विजुअल–शब्द भी जारी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोक प्रसारक के रूप में दूरदर्शन और आकाशवाणी वर्षों से सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने नेटवर्क के माध्यम से दोनों लोक प्रसारकों ने देश के हर कोने में स्थानीय भाषा को प्रोत्साहन देकर सभी लोगों तक जानकारी पहुंचाई है। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रसार भारती अब समाचार संगठनों को विभिन्न भाषाओं में वीडियो, ऑडियो, फोटो और पठन सामग्री उपलब्ध कराने के लिए तैयार है।

*****

बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के आवास पर आज दूसरे दिन भी ईडी की छापेमारी जारी रही। ईडी की टीम ने दूसरे दिन अम्बा प्रसाद के हजारीबाग के हुड़हुडू स्थित दूसरे आवास पर छापेमारी की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ईडी को इस दौरान इलेक्ट्रॉनिक सामान और कई दस्तावेज हाथ लगी है।

*****

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में सुरक्षा बलों को एक और सफलता मिली है। गढ़वा और छत्तीसगढ़ पुलिस ने संयुक्त अभियान में उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर समेत छह उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। छतीसगढ़ पुलिस के सहयोग से इन सभी नक्सलियों को छतीसगढ़ के सरगुजा प्रक्षेत्र के जशपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार उग्रवादियों की निशानदेही पर एक एके–47, मैगजीन, 90 गोली, नक्सली वर्दी और दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की है।

*****

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि लोक सभा चुनाव में कोई भी मतदाता नहीं छूटे यह हम सभी का सामाजिक और नैतिक जिम्मेवारी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आज राँची में दिव्यांगजनों की सहायता के लिए कार्यरत स्वयं सेवी संस्था की ओर से आयोजित स्टेक होल्डर्स के प्रशिक्षण सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं के मताधिकार के प्रयोग के लिए मतदान केन्द्रों पर सभी सुविधायें उपलब्ध रहेगी।

*****

हजारीबाग जिले के कटकमदाग प्रखंड से सटे गांवों में विकास ने रफ्तार पकड़ ली है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

*****

पुणे में आयोजित हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप में हॉकी झारखंड ने अपने पहले मैच में आज हॉकी आंध्र प्रदेश को शून्य के मुकाबले तेरह गोल से पराजित कर बड़ी जीत के साथ शुरुआत की। झारखंड टीम की ओर से संगीता कुमारी ने 4 गोल, दीपिका सोरेंग और दीप्ति कुल्लू ने 02–02 तथा सलीमा टेटे, रजनी केरकेट्टा, दीप्ति कुल्लू और निक्की कुल्लू ने एक–एक गोल किये। झारखंड की दीपिका सोरेंग को प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार सम्मानित किया गया। चैंपियनशिप आगामी 23 मार्च तक आयोजित किया जाएगा।

*****

राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में आज दोपहर बाद बूंदाबांदी हुई। रांची स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार कल राज्य में कहीं–कहीं आंशिक रूप से बादल छाया रहेगा। वहीं पन्द्रह मार्च को आसमान आमतौर पर साफ रहेगा। सोलह, सत्रह और अठारह मार्च को राज्य के मध्य तथा दक्षिणी भागों में कहीं–कहीं गरज के साथ हल्के दर्जे की बारिश की संभावना है, जबकि उन्नीस मार्च को राज्य में कहीं–कहीं हल्के दर्जे की वर्षा होने की संभावना है।

*******समाप्त********